Name of State	Location of Centre	Agency to Run
8. Tamil Nadu	1. Erode	Textile Commissioner
	2. Sankarankoil	SITRA
	3. Palladam	SITRA
	4. Tiruchengode	SITRA
	5. Komarapalayam	SITRA
	6. Salem	SITRA
	7. Somanur	SITRA
	8. Karur	SITRA
9. Orissa	1. Cuttuck	Textile Commissioner
10. Kerala	1. Trichur	Textile Commissioner
	2. Kannur	State Govt. Agency
11. Karnataka	1. Belgaum	Textile Commissioner
	2. Dodaballapur	SITRA
	3. Betagiri	SITRA
	4. Bangalore	SITRA
12. Gujarat	1. Surat	Textile Commissioner
	2. Ahmedabad	ATIRA
	3. Dholka	MANTRA
	4. Sachin	MANTRA
	5. Pandesara	MANTRA
13. Jammu & Kashmir	1. Srinagar	Textile Commissioner
14. Assam	1. Noapara (Guwahati)	NITRA
15. Haryana	1. Panipat	NITRA
16. Andhra Pradesh	1. Nagari	SITRA
Total	45 Centres	

बेरोजगार हुए मजदूरों के पुनर्वास की नीति

907. **श्री अजीत जोगी:**

श्री शमशेर सिंह सुरजेवाला:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वस्त्र इकाइयों के बंद होने के कारण बेरोजगार हुए कामगारों के पुनर्वास हेतु सरकार ने क्या नीति तैयार की है;

(ख) क्या सरकार को मध्य प्रदेश सरकार से बेरोजगार वस्त्र कामगारों को प्रशिक्षण दिलाने हेतु उचित व्यवस्था करने के लिए एन०आई०एफ०टी० से सहायता लेने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की गई है?

वस्त्र मंत्री (श्री आर०एल० जालप्पा): (क) भारत सरकार कामगारों के हित की रक्षा करने के लिए वस्त्र कामगार पुनर्वासन निधि योजना चलाती है। वस्त्र कामगार पुनर्वासन निधि योजना का उद्देश्य मिलों के स्थाई/आंशिक रूप से बंद हो जाने के कारण बेरोजगार हो गए कामगारों को अंतिम राहत देना है।

(ख) से (घ) मध्य प्रदेश सरकार सहित कुछ राज्य सरकारों ने अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय फैशन टेक्नोलोजी संस्थान की एक शाखा उनके राज्यों में भी खोली जाए। इस समय यह निर्णय लिया गया है कि चालू वर्ष में केवल बंगलौर में ही निफ्ट की नई शाखा खोली जाए।